हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–109 : जौनपुर, बुधवार 15 जून 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

परिवार में संपत्ति बंटवारे पर अब सिर्फ पांच हजार रुपये का स्टांप शुल्क लगेगा : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति का बंटवारा अब आसान होगा। इसके लिए दान विलेख पर स्टांप शुल्क में छूट दे दी गई है। संपत्ति चाहे कितनी भी कीमती क्यों न हो, पारिवारिक बंटवारे पर केवल पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क फिक्स कर दिया गया है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि परिवार के सदस्यों के बीच संपत्ति बंटवारे की प्रक्रिया को सरल व निर्विवाद बनाने के लिए कैबिनेट में यह प्रस्ताव लाया गया है। सरकार का मानना है कि परिवार का मुखिया अपने जीवनकाल में ही भाई, पुत्री, बहन, पिता, बहू, पुत्र, पौत्री या आर्थिक व शारीरिक रूप से कमजोर सदस्यों को पारिवारिक संपत्ति दान करना या उसका बंटवारा चाहता है, लेकिन स्टांप शुल्क अधिक होने की वजह से रजिस्ट्री से परहेज करता है। स्टांप शुल्क से बचने के लिए संपत्ति के मालिक की ओर से परिवार के सदस्यों के नाम अक्सर वसीयत लिखी जाती है। लेकिन मुखिया के निधन के बाद वसीयत के अधिकांश मामलों में विवाद होता है। मंत्री के अनुसार अब ऐसे मामलों में कमी आएगी। साथ ही राजस्व प्राप्ति में वृद्घि होगी। अभी तक ये थी व्यवस्था उत्तर प्रदेश में संपत्ति हस्तांतरण पर शहर में सर्किल रेट का 5 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी, दो प्रतिशत विकास शुल्क तथा एक प्रतिशत

निबंधन शुल्क लिया जाता है। जबकि दस लाख रुपये तक मूल्य की संपत्ति के हस्तांतरण पर महिलाओं को एक प्रतिशत स्टांप ड्यूटी में छूट मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्टांप ड्यूटी 5 प्रतिशत है और विकास शुल्क नहीं लगता है। इसके अलावा भी परिवार के सदस्यों के बीच संपत्ति का लेन–देन होता है, जिसमें वास्तव में तो रकम अदा नहीं की जाती है पर नियमानुसार स्टांप शुल्क अदा करना पड़ता है। यह वास्तव में परिवार के एक सदस्य द्वारा दूसरे सदस्य को दिया जाने वाला दान या गिफ्ट होता है। इस पर स्टांप शुल्क नहीं लगना चाहिए। इसी के मद्देनजर पारिवारिक अचल संपत्ति बंटवारे के दान विलेख पर स्टांप शुल्क में छूट को कैबिनेट की मंजूरी दे दी गई है।

रक्तदान के लिए युवाओं को करें जागरूक –डॉ. शैलेश मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के संरक्षकत्व में फार्मेसी विभाग, मिशन शक्ति और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 'विश्व रक्तदान दिवस' के उपलक्ष्य में एक दिवसीय वेबिनार ''रक्तदान का महत्व'' विषय का आयोजन किया गया । वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ. शैलेश मिश्र, आयुष विभाग , भुवनेश्वर ने रक्तदान के महत्व को बखूबी समझाया। उन्होंने कहा कि चार्ल्स रिचर्ड पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 14 जून को रक्तदान दिवस के रूप में सार्थक सिद्ध किया और इसे कायम रखने के लिए हमें प्रण लेने एवं शरीर के मूल तत्व रक्त को संचय करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर हम स्वस्थ हैं और रक्त दान करते हैं तो हम कई बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। कार्यक्रम समन्वयक व नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से नये दृष्टिकोण का विकास होता है। विशेषज्ञ डॉ शैलेश को सुनकर हमारे भीतर एक नई चेतना जागृत हुई । सह समन्वयक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के इस पहल को हम सार्थक करने और अपने विद्यार्थियों व समाज को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं साथ हीं इस प्रकार के कार्यक्रम व विशेषज्ञ को सुनने के



बाद हमारा समाज निश्चित तौर पर लाभान्वित होगा। डॉ राकेश यादव एवं डॉ जगदेव ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया। आयोजन सचिव डॉ झांसी मिश्रा ने संचालन किया। प्राचार्य सहकारी पी जी कॉलेज डॉ आशुतोष गुप्ता,विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव बबिता सिंह एवं मिशन शक्ति टीम के सभी सदस्य ,डॉ पूजा ,डॉ जया ,डॉ प्रियंका ,डॉ रेखा ,डॉ सोनम झा, डॉ गिरधर मिश्र ,डॉ पुनीत धवन, मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार, डॉ मंगल यादव, डॉ समर बहादुर ,डॉ आलोक ,डॉ मुक्ता राजे डॉ पूनम तथा छात्र छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

योग को अपने जीवन में अपनाएं – जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत योग सप्ताह 14 जून 2022 से 20 जून 2022 के अंतर्गत 15 जून 2022 को कलेक्ट्रेट स्थित पार्क में योग प्रशिक्षक विकास यादव, प्रतिमा श्रीवास्तव, गरिमा सिंह राठौड़, सूरज कुमार सिंह एवं वेद प्रकाश चतुर्वेदी द्वारा योग

कराया गया, जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा, जिला विकास अधिकारी बी .बी. सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जौनपुर डा0 कमल सहित अधिक संख्या में अन्य लोगों ने योग शिविर में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो को योग के महत्व को बताते हुए कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद में लगभग 8 लाख लोगो द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। योगा से जोड़े जाने के अनुक्रम में आज समस्त तहसील, ब्लॉक स्तर पर और जिला मुख्यालय पर हर वर्ग, उम्र के व्यक्तियों द्वारा स्वस्थ्य जीवन के आधार हेतु योगा में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि वैश्विक स्तर पर योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्वस्थ्य जीवन पद्वति को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि आज की जीवन शैली में व्यस्तता के कारण अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कुछ समय योगा को देने से जीवन में शारीरिक एवं मानसिक शांति मिलती है जिससे आपके जीवन स्तर में भी सुधार होगा। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन ही आरोग्यता का प्रमाण है अतः दैनिक जीवन में योग अपनाएं व स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि आम जनमानस अधिक से अधिक संख्या में योग से जुड़े और स्वस्थ जीवन शैली अपनाए। योग करते हुए अपनी फोटो/वीडियो शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल आयुष कवज एप पर अपलोड करें, जिससे अन्य व्यक्ति भी जागरूक होकर स्वस्थ्य जीवन के पथ पर अग्रसर होते हुए योग को जीवन में महत्व दे। इसी क्रम में उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर, उत्सव वाटिका, शाहगंज, सूरज घाट, पंचहटिया, पुलिस लाइन, लोहिया पार्क पालीटेक्निक एवं जनपद में संचालित हेल्थ वेलनेस केन्द्रों पर योग शिविर का आयोजन किया गया।

जिन्हें अदालत पर भरोसा नहीं वो उतर रहे सड़कों पर – केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति

वाराणसी ब्यूरो : केंद्र सरकार के आठ साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुधवार को वाराणसी पहुंचीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने ज्ञानवापी मामले में बड़ा बयान दिया। मीडिया के एक सवाल के जवाब में साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि ज्ञानवापी मामला अदालत में है। मुझे अदालत पर विश्वास है। जिन लोगों को न्यायालय पर भरोसा नहीं है वो लोग सड़क पर हैं। न्यायालय सबूत के आधार पर चलता है। और सबसे बड़ा सबूत ये है कि वहां भगवान नंदी खुद मौजूद हैं। देश में जिस प्रकार से अन्य मुद्दे हल हुए वैसे ही ये भी हल होगा। वहीं राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ से संबंधित सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। केंद्रीय खाद्य आपूर्ति उपभोक्ता मामले एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति आज वाराणसी में केंद्र सरकार के आठ साल पूरे होने पर गरीब कल्याण जनसभा कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। जनसभा का कार्यक्रम बड़ालालपुर स्थित हस्तकला संकुल में होगा। भाजपा सरकार के आठ साल बेमिसाल वाराणसी एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं और अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि भाजपा सरकार के आठ साल बेमिसाल हैं। 2014 से पहले पूरा देश आतंकवाद से था भयभीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब, किसान से लेकर हर तबके का ध्यान रखा है। अन्न योजना समेत कई सरकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि देश उनके नेतृत्व में लगातार आगे बढ़

रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले पूरा देश आतंकवाद के साये में भयभीत रहता था। बसों, ट्रेनों में यात्रा करने से पहले डर लगता था। लेकिन अब वो स्थिति नहीं है। ऐसा हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण। अब यदि आतंकवादी कहीं घुस भी आता है तो खुफिया तंत्र की मदद से तत्काल पकड़ा जाता है। बनारस का हुआ कायाकल्प केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पहले जब मैं बनारस एयरपोर्ट पर उतरती थी तो शहर आने में दो से तीन घंटे लग जाते थे। आज 15 से 20 मिनट में एयरपोर्ट से शहर आ जा रहे हैं। बाबा विश्वनाथ के दरबार का कायाकल्प हो गया है। पहले शिवरात्रि में दर्शन–पूजन काफी मुश्किल होता था। लेकिन अब निवनिर्माण के बाद लोग आराम से दर्शन कर आते हैं।

प्रयागराज हिंसा के 40 उपद्रवियों की तस्वीर जारी : इन्हीं तस्वीरों से तैयार होंगे पोस्टर

प्रयागराज ब्यूरो : प्रयागराज के अटाला में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के 40 उपद्रवियों की तस्वीर जारी कर दी गई हैं। इन्हीं तस्वीरों से अब पोस्टर तैयार किए जाएंगे। घटनास्थल के पास लगे सर्विलांस कैमरों के वीडियो फुटेज में उपद्रवियों की तस्वीरें कैद हुई थीं। पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि आरोपियों के बारे में कोई भी जानकारी होने पर सूचना दें। एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि अटाला बवाल में शामिल उपद्रवियों के पोस्टर पुराने शहर में शाम तक लग जाएंगे। वीडियो फुटेज के आधार पर कुल 40 उपद्रवियों का पोस्टर जारी किए गए हैं। एक दर्जन से ज्यादा वाहनों को आग के हवाले किए गए आपको बता दें कि 10 जून को जुमे की नमाज के बाद अटाला में उपद्रव हुआ था। अब एक दर्जन से ज्यादा वाहनों को आग के हवाले करने वाले उपद्रवियों से नुकसान की भरपाई करने की तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा संभागीय परिवहन अधिकारी को क्षतिग्रस्त गाड़ियों की एक सूची सौंपी गई है, जिसमें गाड़ियों का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया है। वहीं सूत्रों की मानें तो आरटीओ द्वारा क्षतिग्रस्त हुई गाड़ियों की कुल कीमत चार से पांच लाख बताई गई है। पत्थरबाजी के आरोप में

गिरफ्तार दस लोगों की जमानत अर्जी खारिज इससे पहले जुमे की नमाज के बाद हुए उपद्रव में पत्थरबाजी के आरोप में गिरफ्तार दस लोगों की जमानत अर्जी दो अलग–अलग मजिस्ट्रेट की अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि लगाए गए आरोप गंभीर प्रकृति के अपराध के हैं। इसलिए जमानत का कोई पर्याप्त आधार नहीं है। एक दिन पूर्व भीआधा दर्जन आरोपियों की जमानत अर्जी मजिस्ट्रेट की अदालत खारिज कर चुकी है।

कश्मीरी पंडितों के मोक्ष की कामना से आज काशी में हुआ अनुष्ठान : अनुपम खेर हुए शामिल

वाराणसी ब्यूरो : कश्मीर में मारे गए कश्मीरी पंडितों की आत्मा की शांति व मोक्ष के लिए आज काशी में अनुष्ठान किया जा रहा है। जुल्म, प्रताड़ना के शिकार होकर असमय काल कवलित होने वाले सैकड़ों कश्मीरी पंडितों के मोक्ष की कामना से सप्त मोक्षपुरियों में काशी के विद्वान त्रिपिंडी श्राद्ध कर रहे हैं। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए पिशाचमोचन तीर्थ पर आयोजित त्रिपिंडी श्राद्ध कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता अनुपम खेर कश्मीरी ब्राह्मणों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके अलावा नरसंहार में मारे गए कश्मीरी पंडितों के परिजन भी शामिल हैं।सामाजिक संस्था आगमन और ब्रह्म सेना के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित त्रिपिंडी श्राद्ध में डॉ. संतोष ओझा मुख्य यजमान हैं। आचार्य श्रीनाथ पाठक उर्फ रानी गुरु के आचार्यत्व में नौ ब्राह्मण अनुष्ठान में शामिल होंगे। डॉ. ओझा ने बताया कि मारे गए हिंदुओ के आत्मा की शांति के लिए इसका आयोजन काशी के पिशाच मोचन तीर्थ पर किया गया है। अनुपम खेर ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि मैं कल वाराणसी जा रहा हूं। द कश्मीर

फाइल्स की शूटिंग के दौरान मैंने निर्णय लिया था कि मैं उन सभी कश्मीरी हिन्दुओं की आत्मा की शांति का पाठ करवाऊंगा, जिनकी आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या की गई थी। इस पूजा को त्रिपंडी श्राद्ध पूजा कहते हैं। आयोजकों का आभार!

जिलाधिकारी द्वारा ग्राम सचिवालय व वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया गया

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी के द्वारा विकासखंड खुटहन के ग्राम पंचायत चितौरा हसनपुर में बने ग्राम सचिवालय व वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी वीर भानु सिंह को निर्देशित किया कि सचिवालय में योजनाओं से संबंधित जानकारियाँ

लिखवाई जाए। उन्होंने कहा कि रोस्टर के हिसाब से लेखपाल, सचिव, आशा सचिवालय में बैठे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुने और उनका निस्तारण कराएं। वेलनेस सेंटर के निरीक्षण में सीएचओ प्रियंका मौर्या से पूछा कि कौन–कौन से टेस्ट उनके द्वारा किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने वैलनेस सेंटर में स्वास्थ्य से संबंधित पोस्टर चिपकाने के निर्देश दिए। सीएचओ को निर्देश दिया कि सभी का अच्छे से इलाज किया जाए। वैलनेस सेंटर पर मरीजों को बैठने के लिए कुर्सी एवं पेयजल की उचित व्यवस्था रहे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर ब्लॉक के कौवापार स्थित समाजवादी शिक्षण संस्थान पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अखिल भारतीय यादव महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव फौजी ने पुरस्कृत किये। जिसमे प्रथम स्थान रिया पाल, द्वितीय स्थान, अनमोल यादव, तृतीय स्थान, रानी यादव को, श्रद्धा मौर्या, निखिल यादव, आँचल मौर्या, प्रिया पाल , सुरेश कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम का आरंभ संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ शुरू हुआ। संस्थान के संचालक नितेश यादव ने मुख्य अतिथि दिनेश यादव फौजी का माल्यार्पण करके स्वागत किये। दिनेश यादव जी ने कहा कि जब से लॉकडाउन लगा था। तब से नितेश यादव गरीब एवं असहाय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर पुनीत कार्य कर रहे है। शिक्षा से बड़ा कोई वरदान नही है। शिक्षा से ही सामाजिक , आर्थिक, राजनैतिक ज्ञान होगा। संस्थान के संचालक नितेश यादव के इस सराहनीय कार्य मे हर संभव मदद देने का आश्वासन दिए। गौरतलब है कि नितेश यादव काशी हिंदू विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ सोशल वर्क की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत 5 अगस्त 2020 से गरीब एवं असहाय बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का काम समाजवादी शिक्षण संस्थान के माध्यम से कर रहे है।जिसमे उनको निःशुल्क शिक्षा देने के साथ ही कापी पेन वितरित किया जाता है। समाजवादी शिक्षण संस्थान की जौनपुर जिले में दो जगह सेंटर किये है। दूसरा मुफ्तीगंज ब्लॉक के निशान गांव में संचालित है। समय समय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा बढ़े। इस अवसर पर दीपेंद्र यादव, छोटू राजवंशी, सपना , जितेंद्र आदि लोग उपस्थित थे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

प्रसन्न व्यक्ति वह है जो निरन्तर स्वयं का मूल्यांकन एवं सुधार करता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

उठते सवाल : एक कानूनी मामले के राजनीतिक निहितार्थ

नेहरू के जीवनीकार बेंजामिन जकारिया के अनुसार, नेहरू ने 1936 में एक अखबार चलाने का फैसला किया था, जब वह खुद कांग्रेस की आंतरिक राजनीति से निराश हो रहे थे और उन्हें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच की आवश्यकता थी। जकारिया लिखते हैं, 'कांग्रेस को नियंत्रित करने वाली प्रतिक्रियावादी प्रवृत्तियों में स्वयं को उलझा पाकर और उसे रोक न पाने की बेबसी में जवाहरलाल ने पत्रकारिता की शरण ली।

ऐसा लगता है कि नेशनल हेराल्ड–यंग इंडिया से संबंधित कथित मनी लॉन्डरिंग के कानूनी मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ ही मोतीलाल वोरा तथा ऑस्कर फर्नांडीस (दोनों अब दिवंगत) के प्रतिनिधित्व वाली यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड ने एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) का स्वामित्व हासिल करने के लिए 2012 में कांग्रेस को 50 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसे चुनौती देते हुए तब दिल्ली हाईकोर्ट में एक मामला दर्ज किया गया।

इस मामले के याचिकाकर्ता भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी के मुताबिक, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति द्वारा ऋण के रूप में हस्तांतरित 90.21 करोड़ रुपये के अलावा यंग इंडिया के पास अपनी कोई संपत्ति नहीं थी, जिसे कथित तौर पर 50 लाख रुपये के ऋण की बिक्री के रूप में छिपाया गया था। स्वामी यह भी दावा करते हैं कि एजेएल के पास दिल्ली, भोपाल, इंदौर, लखनऊ, पंचकुला और अन्य स्थानों पर 1,600 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके पुत्र तथा सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। ईडी ने पिछले दो दिनों में राहुल से कई घंटों की पूछताछ की है। कांग्रेस की इस आलोचना में दम है कि कैसे प्रवर्तन निदेशालय कथित रूप से राजनीतिक प्रतिशोध के मामलों में शामिल रहा है। इस वर्ष मार्च में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न में ईडी के प्रदर्शन के बारे में कई तरह के सवाल पूछे थे।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने जवाब दिया कि वर्ष 2004–14 के दौरान, 112 तलाशी की गई, नतीजतन 5,346.16 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई और 104 मामले दर्ज किए गए। लेकिन वर्ष 2014–22 के दौरान, 2,974 तलाशी की गई, नतीजतन 95,432.08 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई और 839 मामले दर्ज किए गए। लेकिन ईडी के मामलों में सजा की दर देखें, तो वह और भी चौंकाने वाली है। ईडी की सजा की दर एक प्रतिशत से भी कम है।

वास्तव में, 0.5 प्रतिशत से भी कम। 2,974 छापे में 23! समझ सकते हैं कि कथित गलत कामों के आधार पर 2,974 व्यक्तियों के सम्मान और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को धूमिल किया गया, जबकि केवल 23 को ही दोषी पाया गया। 2,951 व्यक्तियों और संस्थाओं की गरिमा कौन बहाल करेगा? इस लिहाज से, कांग्रेस के सवाल उठाने और राहुल, सोनिया गांधी के साथ खड़े होने में कुछ भी गलत नहीं है। दूसरी ओर, भाजपा या एनडीए सरकार कांग्रेस पर हमलावर है।

राज्यसभा चुनावों के बाद कांग्रेस का संख्याबल और घट गया है, जिससे कांग्रेस में बेचौनी चरम पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान अपने पूरे प्रचार अभियान में 'भ्रष्ट' लोगों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया था, चाहे कोई कितना ही बड़ा क्यों न हो। यह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। नेशनल हेराल्ड की कहानी वित्तीय शब्दजाल और जटिलताओं से भरी है, जिसमें मतदाताओं को यह समझाने की क्षमता है कि कोई बड़ा, भयावह घोटाला हुआ है।

राजनीतिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी अपने विरोधियों से निपटने को लेकर सावधानी बरतते रहे हैं। शायद उन्हें पता है कि कैसे इंदिरा गांधी ने अक्तूबर, 1977 से 1979 के बीच शानदार वापसी की थी, जब उनके राजनीतिक विरोधी मोरारजी देसाई और चरण सिंह उन्हें निपटाने की कोशिश कर रहे थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या राहुल अपनी दादी के कौशल को दोहरा सकते हैं। निजी तौर पर ज्यादातर पार्टी नेता मोदी शासन के खिलाफ पलटवार करने की राहुल और कांग्रेस की क्षमता को लेकर आश्वस्त नहीं लगते।

वैसे वर्ष 1938 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड का गलत कारणों से सुर्खियों में रहने का इतिहास रहा है। अपने पूरे इतिहास में नेशनल हेराल्ड एक वित्तीय आपदा बना रहा। आजादी से पहले तीन साल तक अखबार बंद पड़ा था। बहाना ब्रिटिश सेंसरशिप था, लेकिन वास्तविक कारण धन की कमी का बताया जाता है। नेहरू के जीवनीकार बेंजामिन जकारिया के अनुसार, नेहरू ने 1936 में एक अखबार चलाने का फैसला किया था, जब वह खुद कांग्रेस की आंतरिक राजनीति से निराश हो रहे थे और उन्हें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच की आवश्यकता थी।

जकारिया लिखते हैं, 'कांग्रेस को नियंत्रित करने वाली प्रतिक्रियावादी प्रवृत्तियों में स्वयं को उलझा पाकर और उसे रोक न पाने की बेबसी में जवाहरलाल ने पत्रकारिता की शरण ली। वर्ष 1936 में उन्होंने अपना खुद का अखबार शुरू करने का विचार किया और 9 सितंबर, 1938 को लखनऊ से नेशनल हेराल्ड का प्रथम अंक प्रकाशित हुआ।' जकारिया का दावा है कि जिन सिद्धांतों को वह सार्वजनिक जीवन में खुलकर नहीं कह सकते थे, उन्हें अहस्ताक्षरित संपादकीय के जरिये व्यापक पाठकों के सामने पेश किया।

कुछ मौकों पर नेहरू ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने विचार व्यक्त करने के लिए नेशनल हेराल्ड का इस्तेमाल किया। इंदर मल्होत्रा के अनुसार, अप्रैल, 1954 में अमेरिका द्वारा बिकनी द्वीप के परमाणु परीक्षण के बाद जब पत्रकारों ने प्रतिक्रिया चाही, तो नेहरू ने उनसे कुछ नहीं कहा। तब लखनऊ में मौजूद नेहरू सीधे हेराल्ड के दफ्तर गए और एक लेख लिख डाला– डेथ डीलर (मौत के सौदागर)! ईडी की कार्रवाई के बीच कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि राहुल कुछ दिन तो जेल में गुजार सकते हैं, लेकिन लंबे समय तक वहां रहना या लंबा राजनीतिक अभियान चलाना उनके वश का नहीं है।

कांग्रेस नेताओं का यह भी मानना है कि नेशनल हेराल्ड–यंग इंडिया ने जो कुछ किया, वह अनावश्यक था, क्योंकि वे जो करना चाहते थे, उसके लिए बेहतर विकल्प देखे जा सकते थे। ऐसा कहा जाता है कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता (जो अब दिवंगत हैं) से एक बार कांग्रेस के तीन समझदार नेता मिले थे, जिन्होंने उनसे गांधी परिवार के खिलाफ अभियान नहीं चलाने के लिए एनडीए के राजनीतिक नेतृत्व को मनाने का अनुरोध किया था।

राजनीतिक नेतृत्व ने इस शर्त पर कुछ इच्छा दिखाई कि नेशनल हेराल्ड/यंग इंडिया द्वारा सूचीबद्ध संपत्तियों को सरकार को वापस कर दिया जाए, तो किसी प्रकार का राजनीतिक समझौता हो सकता था। जब कांग्रेस के उन नेताओं ने पार्टी नेतृत्व के सामने यह मुद्दा रखा, तो उन्होंने कहा कि पार्टी सार्वजनिक रूप से अपनी 'गलती' स्वीकार करने के बजाय जेल जाना पसंद करेगी। इस पृष्ठभूमि के विपरीत एक बड़ा टकराव जारी है और यह मुद्दा 2024 के लोकसभा चुनावों तक सुर्खियों में रह सकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद संस्था द्वारा किया गया विशाल भण्डारे का हुआ सफल आयोजन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। थाना कृष्णा नगर अन्तर्गत अलीनगर सुनहरा स्थित चौहान मोबाइल के निकट ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के शुभ अवसर पर भव्य विशाल भण्डारे का आयोजन भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के अध्यक्ष कार्यकारिणी के विशेष कार्याधिकारी सन्दीप सिंह चौहान द्वारा यह शुभ कार्य सम्पन्न किया गया संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह भारी संख्या में अपने पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ शुभ अवसर पर शामिल हुए जिसमें पत्रकार ,अधिवक्ता आरटीआई कार्यकर्ता ,समाजसेवी शामिल रहे सभी ने पहुँच के सबसे पहले बजरंगबली की पूजाअर्चना की उसके बाद घण्टी ,नगाड़े,संख बजा कर आरती की अली नगर सुनहरा के रहने वाले स्थानीय लोग भी भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिये सैकड़ो की संख्या में हुए उपस्थित प्रांगण में उपस्थित सभी सम्भ्रांत जनों ने जोर शोर से जय बजरंग बली और जय सिया राम के जयकारे लगाए संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रसाद वितरण के बाद खुद प्रसाद ग्रहण किया प्रसाद में कढ़ी चावल,छोला चावल,पूरी सब्जी,शर्बत,ठंडा

पानी ,बूँदी का स्वाद इतना स्वादिष्ट था कि सभी का पेट तो भर गया लेकिन मन नही भरा क्यों कि यह शुभ कार्य बजरंग बली के आशीर्वाद से पूर्ण किया जा सका भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीयअध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह ,अध्यक्ष कार्यकारिणी सन्दीप सिंह चौहान ,प्रदेश प्रभारी एल एम यादव ,सचिव राहुल सैनी ,विशेष कार्याधिकारी मनेन्द्र प्रताप सिंह ,पत्रकार सुरेन्द्र कुमार प्रजापती ,वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा ,बलवीर सिंह ,विशाल सिंह, बबलू सिंह , सहित तमाम सदस्यों व पदाधिकारियों ने शुभ अवसर पर भण्डारे में पहुँच कर प्रसाद गृहण कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया जय सियाराम जय जय हनुमान।

सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी अधिकारी करें कार्य कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त –अपर जिलाधिकारी सीतापुर

सीतापुर ब्यूरो अजय कुमार सिंह : अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी के द्वारा जब से सीतापुर जनपद का कार्य संभाला गया है संपूर्ण जनपद के समस्त अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि सभी लोग सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य करें किसी प्रकार की किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अवैध खनन माफियाओं के प्रति श्री तिवारी अपर जिलाधिकारी काफी गंभीर दिखे उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अभियान चलाकर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कठोर कार्रवाई कराई जाए और यदि अतिक्रमण निर्माण कहीं अवैध पाया जाए तत्काल प्रभाव से उन भू माफियाओं से सरकारी जमीन खाली करा जाए और भू माफियाओं के विरुद्ध फिर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए उनके दिशा निर्देशों के अनुसार संपूर्ण जनपद में अवैध भू माफियाओं के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही या प्रारंभ कर दी गई है जगह जगह पर बाबा योगी का बुलडोजर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर चलाया जा रहा है और सरकारी

जमीन कब्जा मुक्त कराएं ने का कार्य हर तहसील क्षेत्र में हो रहा है।

जन–चौपाल का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनके द्वार पर करना है:–दीक्षा जैन

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) : आज उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन की अध्यक्षता मे ग्राम कराही मे जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर के साथ पूर्ति निरीक्षक, सहायक विकास अधिकारी, बीट उप निरीक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों की टीम मौजूद रही। चौपाल मे गौशाला से सम्बन्धित कोई शिकायत नही प्राप्त हुयी। ग्राम वासियों द्वारा मौके पर चकरोड़, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प के सम्बन्ध मे शिकायत की गयी जिसके सम्बन्ध मे चकरोड़ को मौके पर खुलवा दिया गया। और मिट्टी का कार्य भी कराने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इण्डिया मार्का हैण्डपम्प सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण के लिये सम्बन्धित को तत्काल निर्देशित किया गया। कुछ ग्राम वासियों के मकान के ऊपर से हाईटेंन्शन लाइन निकली होने की शिकायत की गयी जिसके सम्बन्ध मे सम्बन्धित विभाग को पत्राचार कर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। चौपाल मे 08 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमे से

06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से कहा कि जन–चौपाल का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनके द्वार पर करना है। लोगों को कोई समस्या न हो इसी उद्देश्य से जन चौपाल का आयोजन किया जाता है।

जेठ माह के अन्तिम बडे मंगल पर मलिहाबाद मे खूब चले भण्डारे

मृत्युन्जय प्रताप सिंहःमलिहाबाद। सलेमपुर पिथौरा मोहान रोड पर जेठ माह के बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया वैसे तो मलिहाबाद क्षेत्र में बहुत सारे भंडारों का आयोजन किया गया शिवकुमार टेंट हाउस द्वारा भंडारे का आयोजन और हनुमान जी की आरती की गई कुछ विशेष व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं जिसमें राजू यादव ,बहादुर यादव, विनोद कुमार राजपूत, विशाल डीजे एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कलियुग मे अपने आराध्य श्री हनुमान जी की कृपा पाने के लिये ज्येष्ठ माह के अन्तिम बडे मंगल पर श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह भण्डारे चलाये गये। कही पूडी सब्जी,छोला कढी चावल तो कही शर्बत, कुल्फी आईसक्रीम की व्यवस्था की गयी। मलिहाबाद रहीमाबाद व कसमण्डी क्षेत्र में सुबह से ही भारी संख्या में मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही लोगों ने मंदिरों में विधि विधान से हनुमान जी की पूजा अर्चना की आखरी बड़े मंगल को देवम लॉन के संचालक विकास पाठक द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा पर आरती कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक जयदेवी कौशल,एमएलसी रामचन्द्र प्रधान समेत तमाम गणमान्य जनों ने भी भण्डारे मे प्रसाद गृहण किया। मलिहाबाद कस्बे मे शीतला देवी मन्दिर शीतलन टोला

मे मां शीतला देवी जीर्णोद्धार समिति के संयोजन मे इलाकाई लोगों ने पूडी सब्जी,छोला चावल,कुल्फी,आईसक्रीम, शरबत, एवं डोसा का भण्डारे का आयोजन सराहनीय रहा। वही डाक बंगला स्थित हनुमान मन्दिर, खडता चौराहा,देवम लान महमूदनगर,मुजासा स्थित सैनी नर्सरी, गंगाप्रसाद धर्मशाला, तहसील मलिहाबाद गेट के पास,नबीपनाह तिराहा,आदि दर्जनों स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पूडी सब्जी,कढी चावल,कुल्फी, आईसक्रीम, शरबत आदि की व्यवस्था की थी। भण्डारों की खास बात यह रही कि श्रद्धालुओं द्वारा राहगीरों बुला बुलाकर उनको भी भरपेट भोजन कराने के बाद ठण्डा पानी पिलाया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी खुटहन का किया गया निरीक्षण

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी खुटहन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी वीर भानु सिंह को निर्देशित किया गया कि पुराने भवनों का रंगाई पुताई–कराई जाए। मनरेगा सेल में जाकर विकासखंड में चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की और कहा कि समय से कार्य पूर्ण करें। जिलाधिकारी के द्वारा भ्रमण पंजिका, उपस्थिति पंजिका, ग्रांट रजिस्टर और गार्ड फाइल का विस्तृत निरीक्षण किया गया और लेखाकार मनोज कुमार को निर्देश दिया गया कि शासन स्तर की अलग एवं जनपद स्तर की अलग गार्ड फाइल बनाई जाए। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ पासबुक देखी और निर्देश दिया कि समय–समय पर अपडेट करते रहे। खंड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि 1026 आवास बनाए जाने का लक्ष्य मिला था, जिनमें से 39 अभी बनने अवशेष है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर आवास का कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने शौचालय की जानकारी ली और कहा कि पूर्व में बने शौचालय का भी सत्यापन कराया जाए और देखा जाए कि उपयोग में लाये जा रहे है कि नही। उन्होंने कहा कि शत–प्रतिशत सामुदायिक शौचालय सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि गो–आश्रय स्थलों पर हरे चारे की उपलब्धता रहे। इसके उपरांत जिलाधिकारी के द्वारा थाना खुटहन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क पर पूछा कि थाने पर किस तरह की समस्याएं आती है जिस पर बताया गया कि ज्यादातर जमीनी झगड़े की शिकायतें प्राप्त होती हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शत–प्रतिशत शिकायत कर्ताओं से बात की जाए और उनका फीडबैक प्राप्त किया जाए। सीसीटीएनएस पर डाटा फिटिंग की जानकारी में थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने बताया कि इस थाना के अंतर्गत कुल 42 हिस्ट्रीशीटर है। जिलाधिकारी ने कहां की महिला अपराध, एससी एसटी, पास्को एक्ट में जल्द से जल्द विवेचना कर सजा दिलाएं। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा पिछले सालों की विवेचनाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, एससी–एसटी रजिस्टर सहित अन्य का निरीक्षण किया और कहा कि थाने पर आने वालो से अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को सुने और उनके बैठने के लिए कुर्सी एवं पेयजल की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एप्लॉम्ब हेल्थ केयर लिमिटेड ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राजधानी के अलग–अलग संस्थानों व जगहों पर रक्तदान शिविर के आयोजन किये गये। इसी कड़ी में राजधानी के आशियाना स्थित एप्लॉम्ब हेल्थ केयर लिमिटेड के कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानवता व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारीको निभाते हुये इसमें लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इस शिविर को सफल बनाने के लिसे संजय गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) से डॉ० इंद्रनिल व उनकी टीम उपस्थित रही। डॉ० इंद्रनिल ने एप्लॉम्ब हेल्थ केयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर पुष्कर मिश्र को इस आयोजन की सफलता पर धन्यवाद देते हुये बताया कि इस ब्लड का उपयोग थेलेसीमिया, कैंसर व एक्सिडेंट के मरीजों के उपचार हेतु किया जाता है। क्योकिं इस प्रकार की स्थिति में अधिकतर जानें ब्लड की कमी के कारण जाती हैं। इस तरह की अप्रिय घटनाओं की रोकथाम के लिये इस तरह के रक्तदान शिविर अत्यधिक सहायक

सिद्ध हो सकते हैं। इस अवसर पर एप्लॉम्ब हेल्थ केयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर पुष्कर मिश्र ने संजय गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान की टीम व समस्त रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। साथ ही लोगों से भविष्य में भी इस तरह से आयोजित होने वाले मानवता व समाज के प्रति समर्पित कार्यों में सम्मिलित होने के लिये अनुरोध भी किया।

देश विश्व गुरु बनेगा तो समाप्त हो जाएगी दुनिया की अशांति : मोहन भागवत

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आज मुजफ्फरनगर के खतौली पहुंचे। यहां कार्यक्रम में अपने संबोधन में आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि पवित्र मनुष्य ही बुद्धि के पार जा सकता है। सत्य कठोर होता है, सत्य का आचरण करना चाहिए। देश को आगे बढ़ाने के लिए सबको आगे आकर सहयोग करना होगा, तभी देश विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व गुरु बनेगा तो दुनिया में फैली अशांति की स्थिति समाप्त हो जाएगी। कमाने वाले से ज्यादा बांटने वाला बड़ा होता है। एक जमाना था जब मंदिरों मैं धर्म के अलावा रोजगार कला और शिक्षा भी संचालित होती थी। विदेशियों ने सबसे पहले हमारी इसी शक्ति को खत्म किया। बता दें कि खतौली की गुड़ मंडी स्थित मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया किया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे। एसएसपी अभिषेक यादव ने भी सुरक्षा के लिए जिला पुलिस व मेरठ जनपद की पुलिस को लगाया। खतौली में गुड़ मंडी, मेरठ रोड, मिल बाईपास, बुढ़ाना रोड व मुजफ्फरनगर मार्ग मुख्य चौराहा खतौली तक सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए। कार्यक्रम में जाने वाले लोगों को अनुमति पास जारी किए गए। एसपी यातायात कुलदीप सिंह को यातायात व सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय को सौंपी गई। एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि आरएसएस प्रमुख की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। मोहन भागवत और स्वामी चिदानंद आज आएंगे कृषि विवि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत इसके बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में पहुंचे। यहां जल संरक्षण के संबंध में आयोजित संगोष्ठी मुद्दे, चुनौतियां एवं समाधान में वे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित किया। संगोष्ठी की अध्यक्षतापरमार्थ निकेतन के संस्थापक स्वामी चिदानंद करेंगे। गोष्ठी का आयोजन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। गोष्ठी में तीन सौ के करीब लोग शामिल होंगे।

गोमती एन्क्लेव में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर : सैकडों लोगो ने लिया लाभ

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। राजधानी लखनऊ के अवध विहार योजना स्थित गोमती एनक्लेव के कम्युनिटी हॉल में अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के फिजीशियन डॉक्टर एम .एस .आलम की उपस्थिति में चिकित्सकों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर ,ईसीजी की जांच के साथ निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को फिजियोथैरेपी व डाइट संबंधित परामर्श दिया गया। आपको बताते चलें की इस स्वास्थ्य शिविर में सोसाइटी के सैकड़ों लोगों ने जांच के साथ चिकित्सकीय परामर्श लिया। इस अवसर पर सोसाइटी की तरफ केशव द्विवेदी ने समस्त चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर अमित श्रीवास्तव,

डॉ आर के सिंह ,वैद्य एस के सिंह, विवेक राय ,केशव द्विवेदी ,दिलीप पांडे ,रजनीश सिंह ,निर्भय मिश्रा, संजय श्रीवास्तव ,श्याम कुमार गुप्ता, डॉ मुकेश मिश्रा, हरीश सिंह ,रामसमुझ राजभर ,संजय पंजाबी ,दीपक केएस,राजेश गंगवार, धीरेंद्र सिंह, इंजीनियर जी आर चौधरी, एसके पांडे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल रक्तदान व विधिक जागरुकता शिविर

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान 2022–23 में दिये गये निर्देशों एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल की अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर, जेसीआई जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला चिकित्सालय (उमानाथ सिंह) जौनपुर में विशाल रक्तदान शिविर एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती शिवानी रावत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रक्तदान शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह, प्रिंशु मुख्य चिकित्साधिकारी डा लक्ष्मी सिंह, शिवानी रावत सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि रक्तदान को लेकर आम जनमानस में कई भ्रांतियां हैं, उन्हें भय है कि रक्तदान करने से कोई समस्या हो सकती है, परंतु ऐसा नही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना मानवता के प्रति सच्ची सेवा है आज आम जन को बृहद पैमाने पर जागरूक करने की आवश्यकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने रक्तदान के फायदे बताते हुए सभी को रक्तदान करने के लिए

जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त देने से किसी की जिंदगी को बचाया जा सकता है। रक्तदान एवं जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने कहा कि रक्तदान की कीमत उस समय पता चलती है जब किसी अपने नजदीकी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है। एक यूनिट रक्त से चार व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 मनोज वत्स ने बताया कि वर्ष 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रास संघ ने 14 जून को पहली बार रक्तदान दिवस की शुरुआत की तब से निरंतर रेडक्रास रक्तदाता दिवस संचालित करता है। इस कार्यक्रम में डा0 राजीव कुमार, डा0 कमर अब्बास, डा0 अंजू सिंह, अमित गुप्ता, रवि सिंह, संजय सिंह, सलिल यादव, जनार्दन सिंह, राकेश मिश्रा, अमित सिंह, डा0 हेमंत सिंह, अश्विनी सिंह, करन सिंह, राजकुमार बिंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 मनोज वत्स और आभार डॉ विमला सिंह ने किया।

खाद्यान्न वितरण की तिथि 15 से बढ़कर 17 जून तक की गई – जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम साही

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम साही ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह–जून 2022 के प्रथम चक्र में होने वाले माह–मई 2022 के नियमित खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत वितरण की तिथि 02 जून 2022 से 15 जून 2022 तक निर्धारित की गयी थी, किन्तु जनपद के उचित दर विक्रेताओं को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत खाद्यान्न का निर्गमन न होने के कारण जनपद के समस्त लाभार्थियों को उपरोक्त वस्तुओं का वितरण 15 जून 2022 तक कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा उठान/वितरण की तिथि 17 जून 2022 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (20 किग्रा0 गेहूँ व 15 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों को सुनिश्चित कराया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से 17 जून 2022 तक खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टॉक में उपरोक्त वस्तुओं की उपलब्धता की सीमा तक अनुमन्य रहेगी। उक्त योजना के वितरण की अन्तिम तिथि 17 जून 2022 होगी। अतः पूर्व निर्धारित तिथि 15 जून 2022 एवं 17 जून 2022 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। तत्क्रम में उन्होंने जनपद के उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

धार्मिक गुरुओं समाजसेवी संगठनों व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जनपद में बन्धुत्व, एकता, सौहार्द, प्रेम बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में धार्मिक गुरुओं, समाजसेवी संगठनों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त लोगो से कहा कि अगर सोशल मीडिया पर कोई प्रतिबंधित और आपत्तिजनक मैसेज प्राप्त होता है तो प्रशासन को अवगत कराएं, पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ विधिसंवत कार्रवाई की जाएगी, अगर प्रतिबंधित संगठन की सक्रियता के बारे में पता चलता है तो अविलंब अवगत कराएं, जिससे प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए एक समान है अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा किसी के धर्म को ठेस पहुंचाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी से अपील की है कि संविधान संगत व्यवहार करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने में जनपद के समस्त लोग सहयोग करें और विश्व के बड़े लोकतांत्रिक देश होने के कारण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि इसको मजबूत बनाते हुए संपूर्ण विश्व को एकता का पाठ पढ़ाएं। उन्होंने सभी से अपील की है कि किसी प्रकार की समस्या होने पर सकारात्मक संवाद अवश्य करें जिससे संवैधानिक तरीके से उसका समाधान किया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त लोगों से कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत योग सप्ताह 14 जून से 20 जून तक मनाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन योग प्रशिक्षकों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कराया जा रहा है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा अतः आप सभी योग को जीवन में शामिल करते हुए स्वस्थ जीवन व्यतीत करें। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें और किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करे। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा कहा गया कि पुलिस विभाग द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालो की निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार का भ्रामक खबरों को फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के संबंध में अगर कोई ममला संज्ञान में आये तो तुरन्त प्रशासन से संवाद स्थापित करें, पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल समस्या का निदान किया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, समिति के सदस्य और व्यापार मण्डल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

आवास की दूसरी किस्त के लिये दर दर भटक रही महिला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आवास की पहली किस्त चालीस हजार निकालने के कुछ दिन बाद आवास धारक की अचानक मौत हो जाने के कारण दूसरी किस्त व मजदूरी का पैसा खाता मे आने के बावजूद न निकल पाने से उनकी विधवा पत्नी व पुत्र को एक बर्ष से लगातार बैक ब्लाक व तहसील का चक्कर लगाना पड़ रहा है। दौड़ते थक हार निराश हो चुकी दलित महिला ब्लाक की चौखट पर बैठी समस्या समाधान का हल खोज रही है लेकिन ब्लक कार्यालय मे भी उनकी सुनने वाला कोई नही रहा!महराजगंज क्षेत्र के बसहरा कला गॉव निवासिनी प्रमीला गौतम का कहना है कि उनके पति मैनबहादुर गौतम की मृत्यु बीते वर्ष 7अप्रैल 2021 को अचानक हो गयी! अति गरीब होने के कारण पति के नाम आवास मिला जिसकी पहली किस्त चालीस हजार रूपये बडौदा यूपी बैक गद्दोपुर से निकाल कर आवास का कार्य शुरू कराया गया था बीच मे पति की मौत के कारण कुछ महीने आवास का निर्माण कार्य बाधित रहा बाद मे अधूरे आवास को किसी तरह कर्ज लेकर पूरा कराया गया ! दूसरी किस्त 70 हजार और मजदूरी समेत फिर धनराशि मृतक मैनबहादुर के खाते मे आई है! जिसके लिये सभी मृतक प्रमाण पत्र समेत सभीआवश्यक कागजात पूर्ण कर जमा कराया गया ! लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते पैसा आज तक नही निकल सका है ! इस सम्वन्ध मे सम्बन्धित प्रभारी ग्राम पंचायत अधिकारी शेषनरायण मौर्य का कहना है कि विभाग द्वारा जाच्चोपरान्त धनराशि निर्गत कराये जाने का आदेश बैक को दे दिया जायेगा।

अज्ञात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में शव खेत में देखे जाने से मचा हड़कंप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर गांव में बुधवार की सुबह 65 वर्षीय अज्ञात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में शव खेत में देखे जाने पर हड़कंप मच गया देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में जयश्री के आम के बाग के बगल में स्थित शिव कुमार के खेत में 65 वर्षीय वृद्ध महिला का शव सुबह उस समय देखा गया जब लोग शौच के लिए निकले थे देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ पहुंच गई ग्राम प्रधान अरुण कुमार यादव ने पुलिस को घटना की सूचना दी सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली किशोर कुमार चौबे ने काफी समय तक शव के शिनाख्त कराने का प्रयास किया मगर शिनाख्त न होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोतवाल किशोर कुमार चौबे ने बताया कि महिला किन परिस्थितियों में यहां पहुंची गर्मी के कारण भी मौत हो सकती है महिला के शरीर पर किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं है फिर भी पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। शव को शिनाख्त कराने के लिए 72 घंटे तक शव को मर्चरी हाउस में रखा जाएगा।

तालामझवारा समेत अन्य गावों मे लगा डिजिटल मीटर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के तालामझवारा समेत पास के अन्य गावों मे डिजिटल बिजली मीटर लगाया गया। एसडीओ आलोक उपाध्याय ने कहा कि डिजिटल मीटर लगना अनिवार्य है। बल्ब, पंखा तथा विद्युत मोटर पर अलग मीटर लगेगा इसकी मीटर रीडिंग भी अलग–अलग की जायेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है कि मीटर अधिक रीडिंग करता है जबकि यह अफवाह मात्र है। मीटर फूलप्रूफ और विभाग के द्वारा सील किया जाता है। घर में जितनी बिजली खर्च होगी, उसके अनुसार हीं यूनिट रीड होगा। पूरे जिले में मीटर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। मीटर लगाने के बाद लोड की जांच भी की जाएगी। ताकि बिजली चोरी पर पूर्ण विराम लगाया जा सके। कटिया कनेक्शन की चेकिंग कर अवैध पाये जाने पर कुछ लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस अवसर पर नोडल विनय सिंह,जेई बिपिन गुप्ता, धरमबीर सिंह,सुजीत सिंह, संतोष यादव, सुनील मौर्य, अरबिंद मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में रामलीला मैदान में पड़ा मिला वाल पेंटर का शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शेरपुर पथरा गाँव के रामलीला मैदान में मंगलवार की देर रात इसी गांव निवासी वाल पेंटर का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुँची पुलिस उसे उपचार हेतु सीएससी ले गयी। जहाँ देखते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया गया। ग्रामीणो ने बताया कि मृतक वर्षो पूर्व से शराब की लत के गिरफ्त में था। दिन रात नशे में चूर रहता था। गाँव निवासी 42 वर्षीय धर्मराज गौतम पुत्र संग्राम वाल पेंटिंग और मकान की रंगाई पुताई का काम करता था। वह वर्षो पूर्व से शराब की बुरी लत में फंस गया था। स्वजनो के मुताबिक वह नित्य नशे में चूर होकर देर रात घर पहुंचता था। मंगलवार की सुबह वह काम पर जाने को कहकर निकला था। देर रात गाँव के रामलीला मैदान के पास टहल रहे कुछ ग्रामीणो ने वहां शव पड़ा देखा। नजदीक पहुंचे तो मृतक को पहचान गये। इसकी सूचना स्वजनो और पुलिस को दी गयी। प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव ने बताया कि मृतक के परिवार वालो की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद उसी आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

कलीचाबाद पुलिया के समीप बाइक सवार युवक के बाएं हाथ की हथेली में लगी गोली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के कलीचाबाद पुलिया से 50 मीटर पश्चिम बाइक सवार एक युवक के बाएं हाथ की हथेली में गोली लगने से घायल हो गया। घायल युवक ने गांव के पट्टीदारी विवाद को लेकर एक नामजद दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। घायल युवक का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। आरोपी बदलापुर थाना क्षेत्र के बेलावा लेदुका गांव निवासी योगेश मिश्रा ने बुधवार को पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि प्रार्थी अस्थायी रूप से कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल के समीप जीतापट्टी में मकान बनवाकर रहता है तथा गांव भी आना जाना लगा रहता है। सुबह चार बजे बाइक से घर जा रहा था जैसे ही घटना स्थल के समीप पहुँचा एक बाइक पर सवार तीन लोग मेरी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिए जब तक मैं कुछ समझ पाता बाइक से उतरे दो लोगो में अशोक मिश्र टिकरी बक्शा के निवासी कमर से असलहा निकाल कर लक्ष्य कर फायर करना चाहे तो मैं उनका हाथ व असलहा पकड़ लिया। आरोपी अशोक द्वारा अवैध असलहें का ट्रिगर दबाने से गोली मेरे बाएं हाथ की हथेली पर लगी जिससें मैं घायल हो गया। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष ओमनारायण सिंह ने घायल का बयान दर्ज करतें हुए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस तहरीर लेकर मामलें की जांच में जुटी है। थानाध्यक्ष बक्शा ओमनारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित थाने पहुँचा है तहरीर लेकर घटना की जांच की जा रहा है।

समर कैंप में बच्चे सीख रहे है नृत्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिटी पब्लिक के समर कैम्प मे बच्चे अपने अपने हुनर को तराश रहे है।स्कूल मे बच्चों को नत्य सिखाया जा रहा है। जिसमें बच्चों ने डांस ,पियानो, हारमोनियम, स्विमिंग, सिगिंग व गिटार आदि का प्रशिक्षण ले रहे हैं। समर कैंप में 5 वर्ष से 15 वर्ष तक की उम्र के बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य पैसा कमाना नहीं बल्कि स्कूली बच्चे सहित क्षेत्र की प्रतिभाओं को सामने लाकर उन्हें निखारना है। स्कूल से प्रशिक्षित कई बच्चे ने टीवी शो तक अपनी यात्रा पूरी की है। समर कैंप में नन्दनी ,गौरी, रिद्धी, आयूषी, जिया, जानवी, शगुन, नव्या, विधि, आरोही , सिद्धी व अधिया आदि बच्चों ने नृत्य व क्लासिकल का प्रशिक्षण ले रहे हैं। डांस समर कैंप में नृत्य व गायन का प्रशिक्षण कोरियोग्राफर पवन कुमार दे रहे हैं। इस मौके पर प्रिंसिपल रमेश मिश्रा,रंजीत गुप्ता, सुभाष मिश्रा व संदीप आदि ने सहयोग किया।

ग्राम प्रधान पर आराजी की जमीन को खेल के मैदान मे मिलाने का लगाया आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत भिदूना के ग्राम प्रधान पर आराजी की जमीन को खेल मैदान मे मिलाने का आरोप भाजपा के पुर्व मंडल अध्यक्ष व करियांव गाँव निवासी महेन्द्र सिह ने लगाया है। करियांव गॉव निवासी पुर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सिह ने मुख्यमंत्री जिलाधिकारी को पत्रक सौप कर आरोप लगाया है की उनकी पत्नी रविकला सिह के नाम से ग्राम पंचायत भिदूना मे चकपर आराजी संख्या 2913 है जिसके बगल मे ग्राम सभा की भीटे की आराजी संख्या 2924 ख है जिसको भिदूना के ग्राम प्रधान समतल करा कर खेल मैदान बना रहे है। उसी के साथ उनकी चकपर आपाजी नम्बर 2913 का भी कुछ हिस्सा भी मिला कर खेल का मैदान बना दिया है जिससे उन्हे दिक्कत हो रही है उनका कहना है उक्त आराजी उनकी पत्नी रवि कला सिह के नाम से है।इसी की शिकायत उन्होंने ने जिलाधिकारी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

पत्नी के सामने पति की पिटाई की खबर छापने से नाराज थानाध्यक्ष ने जारी किया नया फरमान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाने पर जमीनी विवाद में फरियाद लेकर आये पति पत्नी को पुलिस द्वारा पत्नी के सामने पति की पिटाई करने की खबर छापने से तिलमिलाए थानाध्यक्ष ने नया फरमान जारी कर आगन्तुक रजिस्टर बना कर थाने पर आने वाले लोगों की गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसकी जद में पत्रकारों को भी रखा गया है।थाने पर आने वाले पत्रकारों को आगन्तुक रजिस्टर पर नाम पिता का नाम पता के साथ किस कार्य से थाने पर आना हुआ किससे मिलना है आदि दर्ज करना पड़ता है।एक सिपाही तो यहां तक कहा कि थाने के मुख्य गेट के बाहर से पत्रकारों को समाचार संकलन करने के लिए आदेश हुआ है थाने के अंदर प्रवेश वर्जित किया गया है।पुलिस की इस कार्यप्रणाली से क्षेत्रीय पत्रकारों में काफी रोष है।वही पुलिस के चहेतों पर यह फरमान लागू नही है,वह दिन में चाहे जितनी बार थाने आये चाहे जिससे मिले उनके लिए कोई फरमान नही है। शनिवार को क्षेत्र के घाटमपुर गांव के दंपति पड़ोसी से जमीनी विवाद को लेकर थाने पहुँचे थे।आरोप है कि पुलिस व थानाध्यक्ष ने पत्नी के सामने ही उसके पति की जमकर पिटाई करने लगे।महिला पति को पिटता देख भागकर थाने के अंदर गयी और पति को लिपट गयी।आरोप है थानाध्यक्ष ने महिला का बाल पकड़कर घसीटते हुए उसे महिला हेल्पडेस्क में बंद कर दिया था। इस पिटाई की खबर को पत्रकारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।जिससे नाराज थानाध्यक्ष ने पत्रकारों की नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल आगन्तुक रजिस्टर बनाकर थाने आने–जाने वालों की निगरानी करने लगे।इस आगन्तुक रजिस्टर में पत्रकारों की एंट्री जरूर की जाती है। बुधवार को कई ऐसे लोग थाने पर पहुँचे जिनसे रजिस्टर पर जानकारी नही दर्ज की गई।वही जब पत्रकार पहुँचे तो ड्यूटी में लगा एक सिपाही रजिस्टर लेकर पहुँच जानकारी रजिस्टर में अंकित कर हस्ताक्षर कराया।कुल मिलाकर पुलिस अपनी नाकामी छुपाने के लिए सिर्फ पत्रकारों के थाने में प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए नया तरीका अपनाया है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार का कहना है कि ऊपर के अधिकारियों के निर्देश पर आगन्तुक रजिस्टर बनाया गया है,जिससे यह पता चल सके कि थाने पर कौन आ रहा है और क्या काम है जिससे उसकी मदत की जा सके।पत्रकारों के थाने के अंदर खबर कवर करने की बात पर उन्होंने कहा कि उनके लिए कोई रोक नही है।

17 जून को कमालपुर ग्राम पंचायत में मंत्री समूह का होगा जमावड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत कमालपुर में 17 जून को अपराहन 3:45 बजे मंत्री समूह द्वारा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर , खेल मैदान का स्थलीय सत्यापन तथा जन चौपाल का आयोजन किया गया है ! यह जानकारी खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने दिया है। मंत्री समूह के जमावड़ा को लेकर ब्लॉक से लेकर जिला स्तरीय अधिकारी गांव में डेरा डाल दिए हैं। बुधवार को जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह, पंचायत सचिव अनूप सिंह ने गांव में साफ सफाई के लिए 100 से अधिक सफाई कर्मियों को उतार दिया है। अधिकारियों की पैनी नजर चप्पे–चप्पे पर लगी हुई है। मंत्री समूह में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह ,खेल युवा कल्याण विभाग के राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री मनोहर लाल कोरी , ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही साथ कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा करेंगे।

जरूरतमंद युवतियों को हुनरमंद बनाना प्रशंसनीय – गीता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 15 दिवसीय निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर समर कैंप बुधवार को संपन्न हुआ। शिविर में बालिकाओं और युवतियों को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। जेसीआई शाहगंज शक्ति व डीएस कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित समर कैंप के समापन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष गीता जायसवाल ने प्रतिभागियों को उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक प्रशिक्षिका दीपिका सिंह ने प्रशिक्षु बालिकाओं को संबोधित करते हुआ कहा कि इस समर कैंप में सीखे गए हुनर का सदुपयोग कर वो आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि यहां सिखाई गई सिलाई और कढ़ाई की कला जीवन में बहुत काम आयेगी और बालिकाएं आत्मनिर्भर बनेंगी । मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गीता जायसवाल ने समर कैंप की सफलता पर आयोजकों को बधाई दी। कहा कि युवतियों सिलाई कढ़ाई में पारंगत होकर इसका सदुपयोग करके कामयाब हो सकती हैं। अंत में प्रशिक्षु बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। संचालन संस्था की अध्यक्ष पूनम जायसवाल ने किया। सह कार्यक्रम निदेशक एकता नीलम ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्रद्धा सोनी, वंदना गुप्ता, सुमन सिंह समेत प्रशिक्षु युवतियां और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

जिला कारागार जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशों एवं अनुमति से कोविड–19 के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत द्वारा 15 जून 2022 को जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में महिला बन्दियों की समस्याएं तथा जेल अस्पताल में भर्ती बन्दी मरीजों का हाल–चाल पूछा गया। बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकते हैं। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकार के प्रकरण संज्ञान में आने पर तुरन्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराना सुनिश्चित करें। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ''प्ली बारगेनिंग'' के बारे में बताया गया कि इसके द्वारा दाण्डिक अभियोजन व पीड़ित पक्ष आपसी सामन्जस्य से आपराधिक प्रकरण के निपटारे हेतु न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते है। इस सम्बन्ध में प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 2/2006 के द्वारा ''प्ली बारगेनिंग'' शीर्षक से एक नया अध्याय 21ए (धारा 265ए–265एल द0प्र0सं0) के नाम से जोड़ा गया था। इसके तहत अभियुक्त को अपराध की स्वीकृति करने पर हल्के दण्ड से दण्डित किया जाता है जो कि अन्यथा कठोर हो सकता है। ''प्ली बारगेनिंग'' का लाभ ऐसे अपराधों में लिया जा सकता है जिसमें अधिकतम सजा 07 वर्ष से अधिक न हो, अपराध देश की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को प्रभावित न करती हो ऐसे अपराध जो महिलाओं अथवा 14 वर्ष से कम आयु में बच्चों के साथ कारित न किये गये हो। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1228 बन्दी है, जिनमें 163 पुरूष तथा 02 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 949 पुरूष तथा 55 महिलाएं एवं 28 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 10 बच्चे हैं। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है। जेल अस्पताल के निरीक्षण में साफ–सफाई में कमियों की तरफ इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय, जेलर, कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर, राजकुमार सिंह, चिकित्सा अधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता व प्रमोद कुमार मौर्या तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा खेल के मैदान का फीता काटकर किया गया उद्घाटन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड खुटहन की ग्राम पंचायत छतौरा, हसनपुर मे बने खेल के मैदान का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। खेल के मैदान में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट, कबड्डी, ओपन जिम एवं कुश्ती का मैदान बनाया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि खेल के मैदान बन जाने से ग्राम वासियों में उत्साह का संचार हुआ है। बच्चे बूढ़े एवं सभी वर्ग के लोगों के द्वारा खेल के मैदान का उपयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि कुश्ती की प्रतियोगिता एवं अन्य खेलों के टूर्नामेंट आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान की देख–रेख के लिए एक समिति बनाई जाए। सचिव सीमा देवी को निर्देशित किया कि इसी तरह प्रत्येक गांव में खेल के मैदान बनाने के कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने विकासखंड खुटहन के शेखपुर, सुतौली गांव में बने खेल के मैदान का भी निरीक्षण किया और कहा कि मैदान के किनारे–किनारे रनिंग ट्रेक बनाई जाए और छायादार वृक्ष लगाए जाये। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेल मैदान तक विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा, तकनीकी सहायक अजय सिंह, राजेश यादव, रामदुलार यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

ज्येष्ठ माह का आखिरी मंगलवार रहा पवन सुत हनुमान के नाम : अयोध्या व वाराणसी के साथ साथ अन्य जिलो में हुआ भंडारे का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम नगरी अयोध्या में ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार, पूर्णिमा व सरयू जयंती एक ही दिन पड़ने की वजह से श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। सुबह सरयू में स्नान ध्यान करने के बाद भक्त अयोध्या के कोतवाल कहे जाने वाले हनुमानगढ़ी पहुंचे और दर्शन–पूजन किया।सुबह 4 बजे शुरू हुआ दर्शनार्थियों के आने का क्रम देर शाम तक चलता रहा।इसके साथ साथ नगर के अन्य हनुमान मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की।वही आज जेठ माह का आखिरी मंगलवार होने के चलते राम नगरी अयोध्या के साथ–साथ काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी व अन्य जिलों में दोपहर बाद से ही विशाल भंडारे का कार्यक्रम शुरू हुआ।जो देर रात तक चलता रहा।वहीं इसी कड़ी में जगह–जगह पर भंडारा स्थल के पास संकट मोचन हनुमान के रूप में कलाकार भी भजन गाकर भक्तजनों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे।ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को हर घर में बजरंग बली की पूजा हुई।कहीं सुंदरकांड का पाठ हुआ तो कहीं कीर्तन का दौर चला।राम नगरी अयोध्या हनुमानगढ़ी में बाहर तक लंबी–लंबी लाइनें लगी थीं। भक्त हाथों में माला–फूल व लड्डू लिए अपने आराध्य के दर्शन को घंटों इंतजार करते देखे गए। इसके बाद भक्तों ने रामलला का भी दर्शन किया।जगह–जगह पर भंडारे का भी आयोजन हुआ।सरयू तट आरती स्थल पर सांसद लल्लू सिंह ने विशाल भंडारे का आयोजन कराया।इसके उद्घाटन में महंत कमल नयन दास, महंत अवधेश दास, महंत अर्जुन दास, महंत गिरीश पति त्रिपाठी, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, मेयर ऋषिकेष उपाध्याय व पार्टी के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम थे।जेष्ठ के पांचवे बड़े मंगलवार का दिन पवनसुत हनुमान बजरंगबली के नाम रहा सुबह से ही संकट मोचन हनुमान लला के भजन कीर्तन की गूंज सुनाई दे रही थी वहीं इसी कड़ी में राम नगरी अयोध्या व भोले शंकर की नगरी काशी विश्वनाथ वाराणसी में जगह–जगह भंडारे का आयोजन किया गया था।सूत्र के मुताबिक जहां एक ओर राम नगरी अयोध्या के रिकाबगंज चौक देवकाली अश्वनी पुरम कॉलोनी वजीरगंज जप्ती नाका फतेहगंज गुजरी बाजार साहबगंज बेनीगंज रिकाबगंज नियावा रोडवेज सहित अन्य

प्रमुख चौराहों व बाजारों में जेठ के आखिरी में पांचवे मंगलवार के दिन विशाल भंडारे का आयोजन भक्तजनों ने किया।शहर के फतेहगंज रेलवे क्रॉसिंग के समीप जेपी सीमेंट परिवार की ओर से जेष्ठ के पांचवे मंगलवार के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर प्रसाद ग्रहण किया इस आयोजन में मुख्य रूप से आशीष आनंद मैसर्स बेचू राम किशोरी लाल सेल्स प्रमोटर जेपी सीमेंट का विशेष सहयोग रहा।इस भंडारे में इनके अलावा जेपी सीमेंट कंपनी के अधिकारी रवि रंजन के साथ साथ महेश मोर्या,राजबली,संदीप विशाल,प्रदीप सिंह, राजकुमार तिवारी के अलावा कंपनी के अन्य अधिकारियों ने भी अपना अहम भूमिका निभाई।जहां पर अच्छी खासी प्रसाद लेने वालों श्रद्धालुओं की भीड़ भी दिखी।इसी तरह भगवान काशी विश्वनाथ नगरी वाराणसी जनपद में बड़ा मंगल के अवसर पर 34 वीं वाहिनीं पीएसी,वाराणसी जवानों द्वारा आज वाहिनीं के दक्षिणी गेट के पास एक शिविर लगाकर विशाल भण्डारे का आयोजन किया।डीएलडब्लू और जीटी रोड के मध्य स्थापित इस शिविर पर बड़ी संख्या में राहगीरों ने रुक कर भण्डारे के स्वादिष्ट व उत्तम व्यंजन का प्रसाद पाया।इस अवसर पर डा0 राजीव नारायण मिश्र, सेनानायक, नरेश सिंह यादव, सहायक सेनानायक, देवपाल, शिविरपाल, दलनायक अजय कुमार सिंह,रणजीत तिवारी, सूबेदार सैन्य सहायक व बड़ी संख्या में वाहिनी के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

जेष्ठ माह के आखिरी मंगलवार के दिन अश्वनीपुरम् कालोनी के साथ साथ अन्य जगहो पर आयोजित हुआ विशाल भंडारा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जेष्ठ माह के आखिरी मंगलवार पर जिले के अधिकतर मंदिरो व चौराहो के साथ साथ गली मुहल्लो में भंडारे का आयोजन किया गया था।इस दिन जहाँ एक ओर शहर के अश्वनीपुरम् कालोनी,सरस्वतीपुरम् कालोनी, चौक, वजीरगंज, फतेहगंज, गुदडीघ, हैदरगंज, रीडगंज, बाजार, साहबगंज, बेनीगंज, मकबरा, नाका, देवकाली, सहित अन्य चौराहो पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।वही ग्रामीण क्षेत्रों व बीकापुर कोतवाली परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।जहाँ पर श्रद्धालुओ की भारी संख्या में भीड़ देखी गई।वही इसी कड़ी में शहर के अश्वनीपुरम् कालोनी में श्री राम गेस्ट हाउस के सामने रामलीला मैदान परिसर में बड़े मंगल के शुभ अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में अयोध्या विधायक के सुपुत्र समाजसेवी अमल गुप्ता मौजूद रहे।इस मौके पर इस भंडारे में बीजेपी मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी,एवम ज्योतिषाचार्य पंडित रितंजय मालवीय ,बूथ अध्यक्ष बीजेपी सौरभ चतुर्वेदी, समाज सेवी शिवम् सोनी,पवन शुक्ला,श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड सपा पार्षद जगत नारायण यादव,सुंदर,नवीन सिंह ,आकाश सिंह, युगांत सोनी, रूपांग सोनी के द्वारा सफल आयोजन किया गया।इस भंडारे में भारी संख्या में देर शाम तक श्रद्धालुओ की भीड़ लगी रही।वही इसी कड़ी में जेष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगल पर गांधी पार्क के पास भाले सुल्तान भाजपा नेता विकास सिंह भूमि फाउंडेशन के चेयरमैन के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया इसका शुभारंभ डॉ रामविलास दास वेदांती राजकुमार दास शशिकांत दास व श्रम विभाग के राज्यमंत्री रघुराज सिंह ने पूजन अर्चन कर किया इस अवसर पर भाजपा नेता विकास सिंह ने

कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन करने से पूर्ण की प्राप्ति होती है उन्होंने बताया कि भंडारा सुबह से लेकर के इच्छापूर्ति तक चलता रहेगा इस मौके पर मेघराज सिंह बादल गुरमीत सिंह संजय सिंह विश्वनाथ सिंह ज्ञानेंद्र सिंह संतोष सिंह चेयरमैन मसूदा विजय तिवारी डॉक्टर संजय सिंह शिक्षक नेता रवि सिंह वाले मोहम्मद असलम समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।जबकि जेष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार पर कोतवाली बीकापुर में भंडारे का आयोजन हुआ।इस भंडारे में कोतवाल सुमित कुमार श्रीवास्तव और उप निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय, जितेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल मनोज पांडेय, शिवानंद, पासवान, जितेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ सरोज, रमेश सरोज, दिनेश पाल, गजेन्द्र सिंह सहित कोतवाली के समस्त स्टाफ ने भंडारे में प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया।

हिस्ट्रीशीटर मटरू राय ने कोर्ट में किया सरेंडर : कई दिनों से पुलिस कर रही थी तलाश

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के लालपुर–पांडेयपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर के राजेश राय उर्फ मटरू राय ने बुधवार को पुलिस की तमाम चौकसी और तैयारियों को धता बताते हुए कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अधिवक्ता अनुज यादव, विकास सिंह और मनीष राय के साथ मटरू एसीजेएम प्रथम विश्वजीत सिंह की अदालत में पहुंचा और चेतगंज थाने में दर्ज चोरी के एक मुकदमे में सरेंडर किया। अदालत ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। आरोपी ने समर्पण से पूर्व कहा कि वह निर्दोष है। किसी पुराने ऑडियो के आधार पर फंसाने की बात कही। कहा कि वह बिहार रहता है। उसका इस मुकदमे से कोई लेना देना नहीं है। मटरू के खिलाफ चोरी समेत अन्य आरोपों में यह मुकदमा बीते साल जुलाई में दर्ज हुआ था। बता दें कि वाराणसी के हथुआ मार्केट में दुकानदार रविंद्र जायसवाल से सात लाख के एवज में 70 लाख वसूलने के बावजूद 33 लाख रुपये की रंगदारी और

मारपीट और दुकान कब्जाने मामले में रमेश राय उर्फ मटरू और नदेसर निवासी काशी सिंह के खिलाफ चेतगंज थाने में शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही थी।

मधु सिंह ने यूपी एसआई में चयनित होकर किया अयोध्या जिले का नाम रोशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय जहाँ एक ओर लोग समाज में बेटियों को बोझ और कमजोर समझते है वहीं पर विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी हासिल कर बेटियां अपने देश, जिले, गाँव और माँ बाप का नाम रोशन कर रही है लोग बेटे के नाम से जाने जाते है पर बेटियां किसी से कम नहीं अपने बल बूते पर अच्छा मुकाम हासिल कर रही है और लोग बेटियों से अपनी पहचान बना रही है।इसी कड़ी में अयोध्या जिले के बीकापुर तहसील के रामपुर गांव की निवासी मधु सिंह ने यूपी एस आई चयनित होकर कर दिखाया।अयोध्या जिले के रामपुर भगन मीतनपुर निवासी विनोद सिंह की पुत्री मधु सिंह का चयन यूपीएसआई में हुआ है।कुछ इसी तरह जनपद अयोध्या की बेटी मधु सिंह ने कर दिखाया, मधु सिंह की पारिवारिक हालात अच्छे नही थे इसके बावजूद माँ बाप ने हिम्मत नही हारा और अपने विश्वास को टूटने नही दिया उनकी परिश्रम रंग लाई।एक फिल्म का डायलॉग याद आ गया कि, अगर किसी चीज को तुम सिद्दत से चाहो तो उसको पूरी करने में सारी

कायनात लग जाती है।मधु सिंह की प्रारंभिक शिक्षा शुभम कान्वेंट में व उच्च शिक्षा के एन आई सुल्तानपुर से प्राप्त की मधु सिंह के पिता एक किसान हैं और रामपुर भगन बाजार में प्रिंटिंग प्रेस की दुकान चलाते हैं।मधु सिंह बीटीसी,सीटेट,यूपीटीईटी क्वालीफाई है और इनके लोअर पीसीएस का रिजल्ट पेंडिंग में है।

वन वे ट्राफिक के बावजूद अभी भी अयोध्या मे सड़कें बनी हैं पार्किंग : संबंधित विभाग मौन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)शहर में वन वे ट्राफिक के बावजूद भी शहर में सड़कों से न पार्किंग हटी न अवैध टैक्सी स्टैंड।सब कुछ जस का तस है। वही वन–वे ट्राफिक का झुनझुना पकड़ा कर प्रशासन खामोश बैठा है। यह हाल तब है जब माह भर पहले मुख्यमंत्री ने 48 घंटे के अंदर अभियान चला कर इसके लिए निर्देश दिए थे। जिला प्रशासन ने रस्म अदायगी के लिए एक दिन अभियान चलाया उसके बाद एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा। नतीजा शहर के कई इलाकों में अभी भी पहले जैसे हालात बने हुए हैं।रिकाबगंज से लेकर चौक तक वन–वे ट्रैफिक तो लागू कर दिया गया, लेकिन सड़क के किनारे बना रखी गई वाहनों की पार्किंग वैसे ही हो रही है। सोमवार को जब इस रोड का जायजा लिया गया तो हर बड़ी मार्केट के सामने वाहनों का रेला दिखाई दिया। पटरी से लेकर सड़क का हिस्सा तक इसकी जद में दिखाई दिया। इस रोड पर बने शापिंग माल के बाहर तो और भी बुरी स्थिति दिखाई दी। जहां के तहां वाहन खड़े मिले जिसके चलते वन–वे का फामूर्ला फेल दिखाई दिया। इसी तरह चौक से रीडगंज रोड पर भी सड़कों के निर्माण न दुकानदारों ने अपने सामान समेटे हैं न ही वाहनों का खड़ा होना ही बंद हुआ है। चौक में भी घंटाघर और मस्जिद के सामने बेतरतीब वाहन खड़े हो रहे हैं। राजकरण इंटर कॉलेज को जाने वाली सड़क पर बने एक शापिंग माल के बाहर तो चार पहिया वाहन तक जाने की जगह नहीं दिखाई दी। चौक से फतेहगंज रोड का भी यही आलम है। वन वे से बस जाम नहीं लग रहा लेकिन सड़क तक अतिक्रमण बरकरार है।चौक से गुदड़ीबाजार होते हुए नियांवा रोड का नजारा भी यही है। इस रोड पर आधा दर्जन से अधिक शापिंग माल है लेकिन पार्किंग कहीं नहीं, जिसके चलते आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं। यातायात व्यवस्था का सारा दावा बेमानी साबित हो रहा है।रिकाबगंज से कचहरी रोड भी जिला प्रशासन के तमाम दावों की पोल खोलती है। शापिंग माल हो या दुकानें सबके सामने वाहनों का रेला खड़ा मिल जायेगा, जबकि रोजाना इधर से प्रशासन के बड़े अफसरों का आना जाना होता है।मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19 मई को सड़कों को खाली कराने और अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के निर्देश दिए तो दूसरे दिन प्रशासन, प्राधिकरण और निगम जेसीबी लेकर पहुंच गया। वहां घंटों अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया गया, लेकिन उसके दूसरे दिन से शहर के किसी भी क्षेत्र में अभियान नहीं चला, जबकि तहसील क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने जेल रोड पर बड़ी पार्किंग की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक अमल नहीं शुरू हो सका है।शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले चौक क्षेत्र में ही अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहा है। विकास प्राधिकरण के कामर्शियल काम्प्लेक्स के ठीक सामने बेखौफ होकर टैक्सी गाड़ियां खड़ी रहती हैं। पहले यहां लाटरी अड्डा चलता था अब टैक्सी स्टैंड चल रहा है, जबकि इस घने इलाके में टैक्सी स्टैंड का कोई मतलब नहीं है।जबकि शासन के निर्देश थे कि हाईवे के किनारे खड़े वाहन भी हटाए जाए लेकिन अभी भी खड़े हो रहे हैं। लखनऊ गोरखपुर राजमार्ग पर एक दूसरे तीसरे किलोमीटर पर ढाबों के सामने सड़क पर वाहन खड़े मिल जाएंगे। खास बात यह है कि इसे लेकर कोई अभियान ही नहीं चलाया गया।इस संबंध में एसपी सिटी विजय पाल सिंह ने बताया कि वन–वे व्यवस्था से काफी लाभ हुआ है।अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार चेतावनी दी गई।यदि कहीं सड़क पर वाहन व टैक्सी स्टैंड मिलते हैं तो कार्रवाई होगी।

सीएम उद्धव ठाकरे के बेटे व कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे के आने से पहले अयोध्या पहुंचे बारह सौ से अधिक शिवसैनिक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) महाराष्ट्र सीएम उद्धव ठाकरे के बेटे व कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे के अयोध्या आगमन से पहले ही उनके सिपहसालार अयोध्या पहुंच चुके हैं। मंगलवार देर रात 1200 से अधिक शिवसैनिक अयोध्या पहुंचे। वे यहां आदित्य ठाकरे का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे।सूत्र के मुताबिक आदित्य ठाकरे दूसरी बार अयोध्या आ रहे हैं। देर रात्रि स्पेशल ट्रेन से लगभग 1200 शिवसैनिकों का दल अयोध्या स्टेशन पहुंचा, जहां से सीधे निर्धारित होटल और धर्मशालाओं में रुके। दरअसल अयोध्या में पूर्व में राज ठाकरे के दौरे को लेकर विरोध के बाद शिवसेना किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ना चाहती है।यही कारण कि अपने नेता के आने के पहले बड़ी संख्या में समर्थक पहुंच चुके हैं।स्टेशन पर उतरते ही जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। सुबह उठने के बाद सरयू स्नान कर अपने आराध्य का दीदार करने जन्मभूमि पहुच गए हैं।उधर आदित्य ठाकरे के सरयू आरती को लेकर तैयारियां की जा रहीं है।आदित्य ठाकरे 1051 बत्ती की आरती करेंगे।5 बेदी से माँ सरयू की आरती करेगे।वही शिवसैनिक सरयू घाट को सजाते हुये दिखे।आरती स्थल की सजावट करने के लिए महाराष्ट्र से ही सामान आया है।6:45 पर सरयू तट पर महाराष्ट्र पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे पहुँचेगे।वे 7:15 बजे तक सरयू की आरती घाट पर रहेंगे।जहाँ पर सवा कुंटल दूध सेमां सरयू का अभिषेक करेगे।

गेटवे तोड़ खाड़ी देशों में रोजाना हो रहीं थीं हजारों कॉल : राजस्थान–बिहार के सिमकार्ड का किया इस्तेलाम

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के गंगानगर में सोमवार को पकड़े गए अवैध टेलीफोन एक्सचेंज से आईएलडी (इंटरनेट लॉग डिस्टेंस ऑपरेशन) और इंटरनेशनल गेटवे को बाईपास कर खाड़ी देशों में हजारों कॉल की जा रही थीं। इस तरह अवैध टेलीफोन एक्सचेंज राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा हैं। किस नंबर पर कितनी कॉल की गईं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम एलएसए (लाइसेंस सर्विस एरिया) वेस्टर्न यूपी–उत्तराखंड़ को गंगानगर इलाके में इंटरनेशनल कॉल के हैवी ट्रैफिक की जानकारी मिली तो जांच शुरू हुई। पता चला कि गंगानगर कॉलोनी के अंदर तिलकपुरम में तीसरी मंजिल पर अवैध तरीके से टेलीफोन एक्सचेंज चलाया जा रहा था। पुलिस और डीओटी (डिर्पाटमेंट ऑफ टेलीकॉम) की टीम ने सोमवार को यहां से188 सिम बरामद किए। आईएसडी कॉल के लिए यहां से वॉयल ऑफ इंटरनेट प्रोटोकॉल का प्रयोग कर पूरा खेल चल रहा था। टेलीकॉम डिपार्टमेंट अब सिम के रिकार्ड की भी जांच कर रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा को बड़ा खतरा, करोड़ों का लगाया चूना डीओटी के डायरेक्टर जनरल सिक्यूरिटी देब कुमार चक्रवर्ती ने बताया कि ऐसा अवैध टेलीफोन एक्सचेंज राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए यह बड़ा खतरा है। यहां से सऊदी अरब में जिस एक कॉल पर 35 रुपये खर्च होने थे उस पर मात्र एक से दो रुपये खर्च में बात कराई जा रही थी। डीओटी के साथ बीएसएनएल, एयरटेल और पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। देब कुमार चक्रवर्ती ने बताया कि यह भी जांच हो रही है कि यह टेलीफोन एक्सचेंज कब से चल रहा था। 32 पोर्ट के छह सिम बोक्स का प्रयोग चीन की टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर 32 सिम का एक सिम बोक्स बनाया गया। ऐसे छह सिम बॉक्स मौके से बरामद किए गए। इसके साथ ही 16 पोर्ट या सिम का एक सिम बॉक्स का प्रयोग किया जा रहा था। इसमें फाइबर टू द होम का भी प्रयोग किया जा रहा था। डीओटी सीनियर डिप्टी डायरेक्टर संजीव अग्रवाल ने बताया कि मौके से बिहार से खरीदे गए बीएसएनएल के 148 सिम से राजस्थान से खरीदे गए 40 सिम एयरटेल के बरामद किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय कॉल डिस्प्ले में लोकल नंबर वीओआईपी (वाइस ऑन इंटरनेट प्रोटोकॉल) का प्रयोग कर सीएलआईआर (कॉल लाइन आइडेंनटिफिकेशन रेस्ट्रीक्शिन) का प्रयोग किया जाता था। इस तरह की टेक्नोलॉजी का प्रयोग वीवीआईपी के लिए किया जाता है। ऐसे में डिस्प्ले में लोकल नंबर आता है और कॉल अंतर्राष्ट्रीय होती है।

भंडारे समानता का प्रतीक – विजेश श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार के दिन प्रयास फाउंडेशन एवं कायस्थ सेवा समाज द्वारा रिकाबगंज स्थित एंजल फार्मा पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के सदस्यों ने उत्साहपुर्वक बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी दी।इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह

के भंडारे के आयोजनों से समाज में समानता एवं सद्भाव का भाव पैदा होता है। अयोध्या के कोतवाल हनुमान जी हैं।अतः श्रद्धा से पूरे अयोध्या का माहौल हनुमानमय हो जाता है। ये भंडारे में सिर्फ मंगलवार ही नहीं अपितु अपने समर्थ्यनुसार हमेशा दूसरों के सहयोग एवम सहायता के लिये प्रेरित करते हैं।इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओ ने आकर प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर प्रयास फॉउन्डेशन के प्रभारी सोमेश गुप्ता, अँकुर श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, के सी श्रीवास्तव, हेमन्त शुक्ला, अमित श्रीवास्तव, नितिन गुप्ता, अमिताभ श्रीवास्तव, जसबीर सिंह, सरबजीत सिंह, ऋषि, शरद, अभिषेक, गौरव, के सी सिंह आदि संगठन के सभी पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थित सेवा के रूप में बढ़ चढ़ कर दिखाई।

भाजपा नेता यशपाल और उनके भाई की हत्या में नौ दोषी करार

अलीगढ़ ब्यूरो : कासिमपुर पावर हाउस में हुए बहुचर्चित भाजपा नेता यशपाल सिंह चौहान व उनके भाई अनिल चौहान की हत्या के सभी नौ आरोपी दोषी करार दिए गए हैं। मंगलवार को यह फैसला जिला जज डॉ. बब्बू सारंग की अदालत ने सुनाया। सजा सुनाए जाने के लिए 15 जून बुधवार की तारीख नियत कर दी है। एक दशक पुराने इस दोहरे हत्याकांड के निर्णय के दौरान अदालत में दोनों पक्षों के अधिवक्ता मौजूद रहे। अदालत के बाहर मौजूद दोषियों के परिचितों व परिजनों मायूसी छा गई। अदालत के आदेश पर दोषी करार दिए गए सभी नौ आरोपी हिरासत में लेकर जेल भेज दिए गए। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता डीजीसी फौजदारी

धीरेंद्र सिंह तोमर के अनुसार, जवां थाने में तीन मार्च 2011 को मूल रूप से हरदुआगंज क्षेत्र के गांव बड़ागांव उखलाना निवासी सतीश चौहान की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें आरोप था कि उनके बड़े भाई व बरौली सीट से भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल सिंह चौहान, उनके भाई अनिल चौहान और सतीश चौहान, दो भतीजे संकेत व पुष्पेंद्र, परिवार के सदस्य प्रदीप, गाड़ी चालक शिवकुमार संग कासिमपुर पावर हाउस की पीएनबी शाखा में तीन मार्च 2011 की दोपहर में रुपये निकालने गए थे। दोपहर करीब 1:30 बजे बैंक से निकलते समय इन सभी पर पहले से घात लगाए हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से 40 वर्षीय अनिल चौहान की मौके पर मौत हो गई, जबकि यशपाल सिंह चौहान (55), भतीजे पुष्पेंद्र व संकेत के अलावा एक राहगीर विवेक जख्मी हो गए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां यशपाल सिंह चौहान को मृत घोषित कर दिया गया। इस मुकदमे में मूल रूप से परौरी जहांगीरपुर नोएडा हाल कासिमपुर निवासी सगे भाई अशोक रावत, अवनीश रावत, इनकी मौसी के बेटे बनैल पहासू बुलंदशहर हाल कासिमपुर के प्रमोद राघव, कासिमपुर पावर हाउस के कर्मचारी केशव उर्फ कमलकांत, प्रमोद राघव का मौसेरा भाई मूल रूप से जेवर हाल कासिमपुर निवासी कन्हैया नामजद किए गए। इसके अलावा, पुलिस विवेचना में प्रमोद राघव के सगे तीन भाइयों पावर हाउसकर्मी अजयपाल उर्फ नेकसे, दिनेश, सतेंद्र व इनके चचेरे भाई कमलू उर्फ कालू के नाम उजागर हुए। इस तरह पुलिस ने सभी नौ आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए इन पर चार्जशीट दायर की। न्यायालय में चले सत्र परीक्षण के दौरान साक्ष्यों व गवाही के साथ–साथ दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की जिरह के बाद मंगलवार को निर्णय की तारीख नियत थी। नियत तारीख पर सभी नौ आरोपी अदालत में हाजिर थे, जिन्हें न्यायालय ने दोषी करार दिया और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। अब सजा सुनाए जाने के लिए आज बुधवार की तारीख नियत कर दी है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।